01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,शनिवार,28 जून2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com

## शेफाली जरीवाला के निधन पर सेलेब्स ने जताया दुख



**Shefali Jariwala Death**: बिग बॉस का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस व मॉडल शेफाली जरीवाला का 27 जून को देर रात निधन हो जाने से पूरी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री सदमे में है। अब सेलेब्स उनके निधन पर दुख जता रहे हैं।'कांटा लगा' गर्ल के नाम से मशहूर अभिनेत्री शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। अभिनेत्री के निधन की वजह अभी तक साफ नहीं है। हालांकि, ऐसा बताया जा रहा है कि उनकी मौत कार्डिएक अरेस्ट की वजह से हुई है। शेफाली के मेकअप आर्टिस्ट ने अमर उजाला से बातचीत के दौरान उनके निधन की पुष्टि की है। शेफाली के निधन के बाद पूरी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई। इंडस्ट्री से जुड़े लोग शेफाली के निधन पर शोक जता रहे हैं।गायक राहुल वैद्य ने शेफाली को श्रद्धांजलि देते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा करते हुए लिखा, 'रेस्ट इन पीस शेफाली आप हमें बहुत जल्दी छोड़कर चली गईं।'अभिनेता अली गोनी ने शेफाली के निधन पर दुख जताते हुए इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर उनकी फोटो शेयर की है। साथ ही रेस्ट इन पीस लिखा है। कॉमेडियन और अभिनेता कीकू शारदा ने शेफाली की मौत पर दुख जताते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की। पोस्ट में शेफाली की एक तस्वीर शेयर करते हुए कीकू ने लिखा, "यह चौंकाने वाला है। मैंने उनके साथ कुछ वेब शो में काम किया है, वह एनर्जी से भरपूर थीं। हमेशा खुलकर जीवन जीती थीं। हमेशा सभी से मुस्कुराकर ही मिलती थीं। शेफाली तुम बहुत याद आओगी। रेस्ट इन पीस। ओम शांति।"

## Kolkata Case

### शादी से इनकार पर पहले पीटा फिर तीन घंटे तक की दरिंदगी; पीड़ित छात्रा बोली- मोनोजीत ने मेरे...



कोलकाता पुलिस ने साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के एक पूर्व और दो मौजूदा छात्रों सहित तीन लोगों को कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया है। घटना कथित तौर पर कस्बा में कॉलेज परिसर में हुई थी। अब छात्रा की शिकायत में इस मामले में कुछ बड़े खुलासे हुए हैं।पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के कस्बा इलाके में एक लॉ छात्रा से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। इसी के चलते उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर इस कृत्य को अंजाम दिया। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी व तृणमूल कांग्रेस के छात्र नेता मोनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रोमित मुखोपाध्याय (20) को गिरफ्तार किया है। मोनोजीत इसी कॉलेज का पूर्व छात्र है, जबकि जैब व प्रोमित मौजूदा छात्र हैं। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पीड़िता का न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया गया है। मेडिकल में सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वारदात ने पिछले साल अगस्त में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म व हत्या की भयावहता याद दिला दी है। पीड़िता विधि छात्रा ने शिकायत में बताया कि उसने मोनोजीत के शादी का प्रस्ताव ठुकरा दिया था, तो उसने साथियों के साथ मिलकर उसे पीटा। इतना ही नहीं वे तीनों मिलकर उसे घसीटते हुए गार्ड रूम में ले गए।

## बारिश और बाढ़ से देश में कई जगह तबाही



दिल्ली में आज भी मानसूनी बारिश की आस है और यूपी में कल से मानसूनी बरसात जोर पकड़ सकती है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई इलाकों में मानसून की पहली झमाझम बारिश और बादल फटने से तबाही मचा दी है। धर्मशाला और कुल्लू जिलों में बादल फटने से मची तबाही के बाद से लापता पांच और उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में सड़क हादसे के बाद उफनती अलकनंदा नदी में बहे आठ पर्यटकों की तलाश जारी है।धर्मशाला जिले के मनूणी खड्ड और रुद्रप्रयाग जिले के रतूड़ा से और एक-एक शव बरामद किए गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), पुलिस, फायर ब्रिगेड और जल पुलिस समेत विभिन्न एजेंसियों के बचाव कर्मी लापता पर्यटकों की तलाश में जुटे हैं। दिल्ली में आज भी मानसूनी बारिश की आस है और यूपी में कल से मानसूनी बारिश जोर पकड़ सकती है। हिमाचल प्रदेश में बुधवार को धर्मशाला और कुल्ली जिलों में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के बाद एक बिजली उत्पादन इकाई पर काम करने वाले नौ श्रमिक और सैंज में एक ही परिवार के तीन लोग पानी में बह गए थे। मनूणी खड्ड से एक श्रमिक को बचा लिया गया था, छह श्रमिकों के अब तक शव मिले हैं, जबकि दो लापता हैं। सैंज में लापता लोगों का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। तलाश जारी है।इस बीच, राज्य सरकार ने धर्मशाला हादसे के कारणों की जांच का जिम्मा एसडीएम को सौंपा गया है। उपायुक्त कांगड़ा ने जांच के निर्देश जारी किए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का बाढ़ प्रभावित सैंज क्षेत्र का दौरा करने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका दौरा रद्द हो गया।

## छह साल की चचेरी बहन से बाग में दरिंदगी...फिर मार डाला, यहां छिपाई लाश;



यूपी के उन्नाव जिले से शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक छह साल की चचेरी बहन से युवक ने दरिंदगी की हदें पार कीं। इसके बाद गला घोंटकर मासूम की हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी है। आरोपी ने वारदात को अंजाम देने की बात कबूल कर ली है।उत्तर प्रदेश के उन्ना जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। औरास थाना इलाके के एक गांव में गुरुवार रात छह साल की बच्ची की उसके चचेरे भाई ने दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। हत्या करने के बाद आरोपी ने बच्ची के शव को गांव के पास ही नहर की पुलिया में छिपा दिया था। शुक्रवार सुबह पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और स्निफर डॉग की मदद से तलाश शुरू की। दोपहर पर करीब दो बजे नहर माइनर में पानी छोड़ा गया तो शव बहकर बाहर आ गया।औरास थाना के एक गांव निवासी छह साल की बच्ची गुरुवार रात करीब आठ बजे घर के पास ही अहाते में सो रहे बाबा को पीने के लिए पानी देने गई थी। इसके बाद घर नहीं लौटी।

औरास थाना के एक गांव निवासी छह साल की बच्ची गुरुवार रात करीब आठ बजे घर के पास ही अहाते में सो रहे बाबा को पीने के लिए पानी देने गई थी। इसके बाद घर नहीं लौटी। बाबा के पास सो जाने की आशंका पर पिता, उसे देखने गया तो वह नहीं मिली। परिजनों और ग्रामीणों ने रात भर घर के आसपास के नालों, तालाब और झाड़ियों में तलाश की लेकिन पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह जानकारी पर कार्यवाहक थानाध्यक्ष मो. इरशाद पहुंचे और फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वायड को बुलाकर तलाश शुरू की। फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वायड को बुलाकर तलाश शुरू की। पुलिस ने शव को निकलवाया। सीओ अरविंद चौरसिया ने गांव के आस पास बाग में रखवाली करने वाले आठ लोगों को उठाया और पूछताछ शुरू की। इसी दौरान मृतका के बाबा ने बताया कि उनके परिवार का ही पौत्र (मृत बच्ची का रिश्ते में चचेरा भाई) भी नहीं दिखा है। शाम करीब पांच बजे एसपी दीपक भूकर घटनास्थल पहुंचे और जांच की। सीओ से घटना क्रम की जानकारी ली और लापता चचेरे भाई की तलाश करने को कहा। सीओ ने हत्यारोपी के बड़े भाई को उठाया तो उसने शुक्रवार रात को भाई के साथ बच्ची को देखने की जानकारी दी। आरोपी शाहपुर तोंदा गांव में जनसेवा केंद्र चलाता है। पुलिस ने शुक्रवार शाम को दबिश तो वह भाग गया। रात करीब नौ बजे मैनीभावा खेड़ा गांव के पास मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की एक गोली हत्यारोपी के बाएं पैर में लगी।एसपी के मुताबिक, आरोपी ने नशे में दुष्कर्म करने की बात कबूली है। बताया है कि बच्ची के लहूलुहान और बेहोश होने पर वह घबरा गया।

# Aaj Ka Rashifal 28 June

## मेष और वृश्चिक राशि वालों के लिए लाभदायक रहेगा दिन, पढ़ें आज का राशिफल

आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 28 जून 2025 का राशिफल। 28 जून, शनिवार को मेष राशि वालों को लेन-देन में सतर्कता बरतनी होगी।



### मेष

आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी शौक मौज की चीजों में वृद्धि होगी। आपको लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतनी होगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई लेनदेन सोच विचार कर करें। फिजूल की योजनाओं पर ध्यान देने से बचना होगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप किसी घर मकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मित्र के रूप में आपके कुछ शत्रु रहेंगे, जिन्हें आपको पहचानना होगा, उनसे कोई जरूरी जानकारी शेयर न करें।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप लोगों के साथ सुकून भरे पल व्यतीत करेंगे। किसी शारीरिक समस्या के आने से आपको थोड़ी टेंशन रहेगी। आपने यदि परिवार में किसी सदस्य से कोई वादा किया था, तो उसे भी समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। माता-पिता का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार में किसी पार्टी का आयोजन हो सकता है। आपका भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। पारिवारिक समस्याएं फिर उठाऐंगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगी। कारोबार में भी आपको धोखा मिलने की संभावना है। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो उसे कुछ समय के लिए स्थगित कर दे, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आप किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचे। आपको संतान की पढ़ाई लिखाई को लेकर कोई टेंशन हो सकती है।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए संपत्ति संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में कोई बदलाव करने की सोच सकते हैं। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन आप अपनी आंख व कान खुले रखें। आपको अपने खान-पान पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आप किसी नौकरी से संबंधित काम को लेकर यदि परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर होगी। आप लोगों से कम से कम मतलब रखें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई मन मुताबिक काम मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन आपके आसपास के लोगों को इससे समस्या खड़ी हो सकती है। आप यदि प्रॉपर्टी को लेकर कोई सौदा करने जा रहे थे, तो उसमें आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपको संतान पक्ष की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा समझदारी से करें, क्योंकि कोई चोट चपेट आदि लग सकती है।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारी से बिल्कुल पीछे न हटे। आपको अपने समय का सदुपयोग करना होगा। आप इधर-उधर बैठकर खाली समय व्यतीत ना करें। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को लेकर कहीं लॉन्ग ड्राइव पर जाने की योजना बना सकते हैं। यदि आपको नौकरी में कोई समस्या आ रही थी, तो उसके लिए आपको जीवनसाथी से सलाह मश्वरे की आवश्यकता होगी। आपको अपने पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बनाए रखनी होगी

### तुला

आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में समस्या आने से भागदौड़ भी अधिक करनी होगी। आप बेवजह के कामों पर खर्च करने से बचे। आपने यदि किसी अनजान व्यक्ति से लेनदेन किया, तो उससे आपका धन फंसने की संभावना है। आप अपने घरेलू कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप अपनी छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे। यदि आपने किसी प्रतियोगिता में भाग लिया था, तो आज उसके परिणाम आ सकते हैं। आपको अपने घरेलू खर्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। संतान की संगति पर आप विशेष ध्यान दें। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपको अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### धनु

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। धार्मिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को यदि पढ़ाई मे समस्याएं आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप जीवनसाथी से किसी बात को लेकर बहस बाजी में न पड़े। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना होगा। आप यदि किसी काम को लेकर कोई लोन लेने की सोच रहे थे, तो आप उसके लिए अप्लाई कर सकते हैं। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको किसी काम को लेकर थोड़ा सोच विचार करने की आवश्यकता है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आज किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी से अपने आगे के जीवन को लेकर बातचीत करेंगे, जिससे दोनों के बीच प्रेम और गहरा होगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। धन को लेकर कोई समस्या आपको घेरे हुए थी, तो वह भी दूर होगी। बिजनेस कर रहे लोग किसी डील को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी फाइनल हो सकती है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की छवि और निखरेगी और उनके जन समर्थन में भी इजाफा होगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप किसी काम को लेकर यात्रा पर भी जा सकते हैं

28 जून, शनिवार को मेष राशि वालों को लेन-देन में सतर्कता बरतनी होगी। कार्यक्षेत्र में आपके शत्रुओं की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। वृषभ राशि वालों को परिवार का अच्छा साथ मिलेगा। सिंह राशि वाले आज के दिन किसी जमीन या मकान का सौदा करने से बचें। धनु राशि वालों को आज धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेंगी। मीन राशि वालों को अपनी वाणी पर कंट्रोल रखना होगा। आइए जानते हैं सभी 12 राशि के लोगों के लिए पूरा दिन कैसा रहेगा।राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे।

# नहीं रहीं 'कांटा लगा गर्ल

**अभिनेत्री-मॉडल शेफाली जरीवाला का निधन, कार्डियक अरेस्ट से गई जान कांटा लगा गर्ल' के नाम से मशहूर अभिनेत्री शेफाली जरीवाला हमारे बीच नहीं रहीं। उनके निधन की खबर आ रही है।**



इंडस्ट्री से एक दुखभरी खबर सामने आई है। मॉडल और अभिनेत्री शेफाली जरीवाला का निधन हो गया है। महज 42 साल की उम्र में शेफाली ने अंतिम सांसें लीं। निधन की वजह अब तक सामने नहीं आई है। सबसे पहले विरल भयानी की इंस्टाग्राम पोस्ट में शेफाली के निधन की जानकारी दी गई है। इसके बाद शेफाली के मेकअप आर्टिस्ट ने बातचीत में उनके निधन की पुष्टि की। रोते हुए उन्होंने बस इतना बताया कि शेफाली का निधन हार्ट अटैक से हुआ। परिवार ने अब तक इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। शेफाली मुंबई के अंधेरी लोखंडवाला इलाके में रहती थीं। जानकारी के मुताबिक, अचानक रात 11 बजे के आस-पास उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की। उनके पति पराग त्यागी उन्हें नजदीक के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# आज इन जिलों भारी बारिश का अलर्ट




यूपी में मानसून अगले 24 घंटे में पूरे प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा। आज कई जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। बुधवार के लिए मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के तराई और बुंदेलखंड के 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। साथ ही प्रदेश के 70 से ज्यादा जिलों में गरज चमक और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में प्रदेश के बचे हुए उत्तरी पश्चिमी हिस्से में भी मानसून पूरी तरह छा जाएगा। मंगलवार को हमीरपुर, प्रतापगढ, कानपुर, औरैया, जौनपुर,

# यमुनोत्री हाईवे के पास भू-धंसाव,

**आवाजाही हुई बंद, सुबह से सैकड़ों श्रद्धालुओं के वाहन फंसे बारिश के चलते यमुनोत्री हाईवे पाली गाड़ के पास भू-धंसाव होने से आवाजाही बंद जिसके कारण सुबह से दोनों ओर सैकड़ों श्रद्धालुओं के वाहन फंसे हुए हैं।**




यमुनोत्री हाईवे पर पाली गाड़ के पास देर रात भारी बारिश के चलते भू-धंसाव हो गया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। इस वजह से सुबह से ही हाईवे के दोनों ओर सैकड़ों श्रद्धालुओं के वाहन फंसे हुए हैं। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग (एनएच) की मशीनें मौके पर भेजी गई हैं और मलबा हटाने का काम जारी है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश का असर देखने को मिल रहा है। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सिरोहबगड़ के पास बंद हो गया है, जबकि रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे भी सोनप्रयाग के समीप अवरुद्ध है। इसके अलावा, बदरीनाथ हाईवे पर पीपलकोटी के पास भनेरपानी में मलबा आने से रास्ता बाधित हो गया है। तीनों स्थानों पर यात्रा वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं और यात्रियों को मौसम खुलने का इंतजार है। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून और नैनीताल जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, बागेश्वर जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। अन्य जिलों में भी गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार तीन जुलाई तक पूरे उत्तराखंड में बिजली चमकने और बारिश के आसार बने रहेंगे। जिससे यात्रियों और स्थानीय प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

## Rashmika Mandanna

### चेहरे पर खून और आंखों में क्रोध की ज्वाला लिए दिखीं रश्मिका, नई फिल्म का पोस्टर जारी



साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आगामी फिल्म का पोस्टर जारी कर दिया गया है। एक्ट्रेस के लुक ने फैंस को हैरान कर दिया है। छावा' की शानदार सफलता के बाद रश्मिका मंदाना इस वक्त धनुष की 'कुबेर' में नजर आ रही हैं। अब अभिनेत्री की आगामी फिल्म का पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसमें एक्ट्रेस बेहद खतरनाक लुक में दिख रही हैं, जिससे फिल्म को लेकर फैंस की बेसब्री बढ़ गई है। फिल्म निर्माताओं ने पोस्टर जारी करते हुए फिल्म के टाइटल की भी घोषणा कर दी है। जानें फिल्म का नाम

हाल ही में धनुष और रश्मिका मंदाना ने एक साउथ इंडियन फिल्म 'कुबेर' की है। फिल्म में दोनों के किरदार काफी संजीदा है। क्या सेट पर भी धनुष और रश्मिका का बिहेवियर एक-दूसरे के लिए ऐसा ही था। इस बात को लेकर रश्मिका मंदाना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट धनुष के नाम पर लिखी है।



रश्मिका मंदाना फिल्मों में जितना एक्टिव रहती हैं, उतना ही सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में फिल्म 'कुबेर' के अपने को-एक्टर धनुष को लेकर रश्मिका मंदाना ने एक पोस्ट साझा की है। जिसमें उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस का जिक्र किया। रश्मिका मंदाना ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में धनुष के साथ एक फोटो शेयर की और एक लंबा सा कैप्शन भी लिखा है। वह लिखती हैं, 'भले ही मैंने आपके साथ पूरी फिल्म (कुबेर) की हो लेकिन मेरे पास आपकी यही एक फोटो है। यह पोस्ट में आपकी तारीफ में कर रही

## Rakhi Sawant: दिलजीत दोसांझ विवाद

### के बीच राखी सावंत ने की हानिया आमिर की तारीफ, यूजर्स हुए नाराज

फिल्म 'सरदार जी 3' में पाकिस्तानी अभिनेत्री को लिए जाने पर जहां विवाद हो रहा है वहीं राखी सावंत ने हानिया आमिर की तारीफ की है। इस पर कई यूजर्स ने नाराजगी जताई है। पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर को कास्ट करने को लेकर जहां दिलजीत दोसांझ की आलोचना हो रही है, तो वहीं एक्ट्रेस राखी सावंत ने हानिया आमिर की तारीफ की है। राखी सावंत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की और उन्होंने हानिया आमिर को 'स्वीटहार्ट' बताया। हालांकि राखी की पोस्ट से कई यूजर नाराज हैं। राखी सावंत ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें 'सरदार जी 3' का वीडियो है। वीडियो शेयर करते हुए राखी सावंत ने लिखा 'मुबारक हो मेरी स्वीटहार्ट हानिया आमिर। मैं बहुत खुश हूं। आखिरकार आप बॉलीवुड फिल्म में हो। मुबारक हो दिलजीत सरदार जी एक दूसरी



पोस्ट में राखी सावंत ने लोगों से अपील की है कि वह दिलजीत दोसांझ की फिल्म देखें। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'हर किसी को ये फिल्म देखनी चाहिए। सरदार जी 3 से हानिया आमिर डेब्यू कर रही हैं। हर किसी को उनकी तारीफ करनी चाहिए। वह मेरी पसंदीदा हैं। मुबारक हो खुदा आपकी हिफाजत करे।'एक तरफ जहां पूरी बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री इस वक्त दिलजीत दोसांझ के खिलाफ है, वहीं राखी सावंत उनका सपोर्ट कर रही हैं और हानिया आमिर की तारीफ कर रही हैं वक्त दिलजीत दोसांझ के खिलाफ है, वहीं राखी सावंत उनका सपोर्ट कर रही हैं और हानिया आमिर की तारीफ कर रही हैं

## सोनम कपूर ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



**Sonam Kapoor Donates Her Hair: हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्हें अपने बालों को दान करते देखा जा सकता है। इसके लिए उन्होंने अपने पिता अनिल कपूर का धन्यवाद किया।** अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से उनकी तारीफ हो रही है।

अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया, जिसका वीडियो भी उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किया। आइए जानते हैं पूरी बात। सोमवार को सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर।'इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस की ढेर सारी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, अभिनेत्री की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'सोनम, आपका नया हेयरकट आप पर बिल्कुल शानदार लग रहा है।' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा कि बहुत ही सुंदर बाल। एक और यूजर ने बोला कि उन्होंने इतना बड़ा त्याग करते हुए अपना बाल दान किया,

## OTT Releases







**OTT RELEASES THIS WEEKEND: ओटीटी पर इस वीकेंड एक से बढ़कर एक फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। कपिल शर्मा के शो से लेकर मुनव्वर फारूकी की फर्स्ट कॉपी तक, चलिए पूरी लिस्ट के बारे में आपको बताते हैं।** जून का तीसरा हफ्ता ओटीटी प्रेमियों के लिए जबरदस्त कंटेंट लेकर आया है। इस हफ्ते रोमांच, थ्रिलर, सस्पेंस और कॉमेडी का शानदार मेल देखने को मिलेगा। चाहे आप एक्शन के दीवाने हों या कॉमेडी से दिन बनाना चाहते हों, इस बार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हर मूड का मसाला मौजूद है। नेटफ्लिक्स, जी5, एमएक्स प्लेयर और जियो सिनेमा जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इस हफ्ते कई दमदार रिलीज हुई हैं, जिनमें से कुछ का इंतजार लंबे वक्त से हो रहा था।इमरान हाशमी स्टारर 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में रिलीज के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर आ चुकी है। ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है और इसमें सेना के एक जवान की कहानी दिखाई गई है जो दुश्मनों के बीच अपने साहस और कर्तव्यनिष्ठा से एक बड़ी लड़ाई लड़ता है। जो लोग इसे बड़े पर्दे पर मिस कर चुके थे, उनके लिए यह एक बेहतरीन मौका है घर बैठे एक जबरदस्त थ्रिलर का मजा लेने का



## मंडे टेस्ट में फेल हुई 'कुबेर'





Dhanush Rashmika Mandanna Nagarjuna Movie: साउथ एक्टर धनुष की फिल्म 'कुबेर' की रिलीज को आज पूरे चार दिन हो चुके हैं। जानिए धनुष-रश्मिका मंदाना की फिल्म के चौथे दिन का कलेक्शन।फिल्म 'कुबेर' 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को आज रिलीज हुए पूरे चार दिन हो चुके हैं। फिल्म में रश्मिका मंदाना, धनुष और नागार्जुन ने मुख्य भूमिका निभाई है। जानिए फिल्म के चौथे दिन का कलेक्शन...sacnilk डॉट कॉम के अनुसार, साउथ फिल्म 'कुबेर' ने पहले दिन शुक्रवार को 14.75 करोड़ रुपये से बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला। वहीं फिल्म ने दूसरे दिन शनिवार को 16.5 करोड़ रुपये की कमाई की। 'कुबेर' ने तीसरे दिन रविवार को 17.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया। वहीं आज चौथे दिन सोमवार का कलेक्शन भी सामने आ चुका है।फिल्म 'कुबेर' का आज सोमवार का कलेक्शन भी सामने आ चुका है। फिल्म ने आज चौथे दिन महज 4.38 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो कि इस फिल्म की पहले की कमाई से काफी कम है। वहीं फिल्म ने अब तक कुल बॉक्स ऑफिस पर चार दिनों में 52.98 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।धनुष और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कुबेर' ने पहले वीकएंड पर काफी अच्छी कमाई की है। पहले शनिवार को फिल्म ने 16.5 करोड़ रुपये और पहले रविवार को फिल्म ने 17.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म अगर ऐसे ही कमाई करती रही तो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर सकती हैं।फिल्म 'कुबेर' का निर्देशन शेखर कम्मुला ने किया है। इस फिल्म में धनुष, रश्मिका मंदाना और नागार्जुन के अलावा जिम सर्भ और दिलीप ताहिल जैसे सितारे ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं।

# BSE: नियामकीय नियमों के उल्लंघन

## पर सेबी ने बीएसई पर लगाया 25 लाख रुपये का जुर्माना, शेयर 1% से अधिक टूटे



गुरुवार को कारोबार की सपाट शुरुआत के बाद एनएसई पर बीएसई का शेयर का भाव 1.47 प्रतिशत गिरकर 2,748 रुपये पर आ गया। बाजार नियामक ने फरवरी 2021 और सितंबर 2022 के बीच किए गए निरीक्षण के बाद यह आदेश पारित किया।बाजार नियामक सेबी ने सभी हितधारकों को कॉर्पोरेट खुलासे तक समान पहुंच उपलब्ध कराने में विफल रहने और कारोबार के दौरान बार-बार सौदों में संशोधन करने वाले दलालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आरोपों में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कार्रवाई की है। शेयर बाजार पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जिसके बाद गुरुवार की सुबह बीएसई के शेयरों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।कारोबार की सपाट शुरुआत के बाद एनएसई पर शेयर का भाव 1.47 प्रतिशत गिरकर 2,748 रुपये पर आ गया। बाजार नियामक ने फरवरी 2021 और सितंबर 2022 के बीच किए गए निरीक्षण के बाद यह आदेश पारित किया। बुधवार को 45 पृष्ठों के आदेश में सेबी ने पाया कि बीएसई की प्रणाली संरचना ने उसके भुगतान करने वाले ग्राहकों और आंतरिक लिस्टिंग अनुपालन निगरानी (एलसीआईएम) टीम को कॉरपोरेट घोषणाओं तक पहुंचने की अनुमति दी। ऐसा इन जानकारियों को वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक किए जाने के पहले ही किया गया। इससे मानदंडों का उल्लंघन हुआ।नियामक ने यह भी पाया कि डेटा प्रसार प्रक्रिया में सभी हितधारकों तक एक साथ और समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों का अभाव है। ऐसा बाजार की अखंडता को बनाए रखने और अनुचित सूचना से होने वाले लाभ को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है

# Asian Share Market

## ईरान-इस्राइल संघर्ष विराम के बाद एशियाई शेयर बाजार में तेजी, निक्केई और हैंगसेंग चढ़े

ईरान-इस्राइल संघर्ष विराम का असर एशियाई शेयर बाजार पर भी दिखा। एशिया के प्रमुख देशों के शेयर तेजी से चढ़े। तेल की कीमतों में भी कमी दर्ज की गई। जानिए शेयर बाजार का



ईरान-इस्राइल संघर्ष विराम के एलान के बाद एशियाई शेयर बाजार में तेजी आई। जापान का निक्केई और हांगकांग के हैंगसेंग में भी बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा अमेरिकी वायदा बाजार में भी तेजी दिखी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार रात को ईरान-इस्राइल के बीच संघर्ष विराम का एलान किया। इसके बाद अमेरिकी वायदा में तेजी आई। यहां एसएंडपी 500 और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज के अनुबंधों में 0.5 फीसदी की वृद्धि हुई। जबकि एशियाई बाजार में जापान का निक्केई 225 एक फीसदी बढ़कर 38,756.00 पर और हांगकांग का हैंगसेंग 1.7 फीसदी बढ़कर 24,078.94 पर पहुंच गया। वहीं शंघाई कंपोजिट सूचकांक भी 0.9% बढ़कर 3,411.92 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया में कोस्पी में भी बढ़त दिखी। यह 2.3 फीसदी बढ़कर 3,082.90 पर पहुंच गया। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.9 फीसदी बढ़कर 8,551.40 पर पहुंच गया।इसके अलावा सोमवार को अमेरिकी शेयरों में भी तेजी रही। एसएंडपी 500 फीसदी बढ़कर 6,025.17 पर पहुंच गया। डॉव इंडस्ट्रियल्स 0.9 फीसदी बढ़कर 42,581.78 पर पहुंच गया। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स 0.9 फीसदी बढ़कर 19,630.97 पर पहुंच

# Crude Oil

## ईरान-इस्राइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री से सहमा कच्चे तेल का बाजार, शेयरों में आई गिरावट



भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है और अपनी जरूरत की आधी प्राकृतिक गैस भी आयात करता है। भारत का कच्चे तेल का 40 प्रतिशत से ज्यादा और प्राकृतिक गैस का आधा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है।ईरान इस्राइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री से पश्चिम एशिया के हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। इसका सीधा असर दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों पर हुआ है। सोमवार को विभिन्न तेल कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई। तेल कंपनियों के साथ ही कच्चे तेल से जुड़ी अन्य सेक्टर जैसे तेल मार्केटिंग कंपनी, विमानन, पेंट्स और चिपकाने वाले पदार्थ आदि की कंपनियों के शेयरों में भी गिरावट आई है।भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को 1.54 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। साथ ही इंडियन ऑयल कोर्पोरेशन के शेयरों में 1.22 प्रतिशत और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। विमानन कंपनी स्पाइसजेट के शेयर 2.47 प्रतिशत और इंटरग्लोब एविएशन के शेयर 2.24 प्रतिशत गिरे हैं। अमेरिका ने शनिवार देर रात ईरान के तीन प्रमुख परमाणु केंद्रों फोर्डो, नतांज और इस्फहान के ठिकानों पर बमबारी की। इस पर ईरान ने भी बदला लेने की बात कही है। ईरान को दुनिया के कई देशों का भी साथ मिल रहा है, जिनमें रूस और चीन प्रमुख हैं।

# ईरान-इस्राइल तनाव व ऊंची कीमतों के कारण सर्राफा बाजार में बढ़ रही सुस्ती



ईरान-इस्राइल और अमेरिका द्वारा युद्ध में प्रवेश करने और ट्रंप टैरिफ की समय सीमा समाप्त होने जैसे तमाम वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं की वजह से घरेलू शेयर बाजार से लेकर कमोडिटी बाजार और सर्राफा बाजार तक में हलचल दिख रही है। ईरान-इस्राइल युद्ध की वजह से सोने-चांदी की कीमतें अपने उच्च स्तर पर बनी हुईं है। जिसकी वजह से इन धातुओं की खरीदारी के लिए बाजार में ग्राहकों का आना- जाना सीमित है।ईरान-इस्राइल और अमेरिका द्वारा युद्ध में प्रवेश करने और ट्रंप टैरिफ की समय सीमा समाप्त होने जैसे तमाम वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं की वजह से घरेलू शेयर बाजार से लेकर कमोडिटी बाजार और सोने-चांदी तक में हलचल देखने को मिल रही है। ईरान-इस्राइल युद्ध की वजह से सोने-चांदी की कीमतें अपने उच्च स्तर पर बनी हुईं है। जिसकी वजह से सर्राफा बाजार में ग्राहकी नहीं है। उपभोक्ता सोने के गहनों की खरीदारी करने के बजाए पुराने सोने की रिसाइकलिंग कर रहे हैं, यानी पुराने सोने के आभूषण, सिक्के और बार को रिसाइकलिंग कर उसकी जगह नए आभूषण नहीं तो उसके एवज में नकद राशि को अपने पास रख रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अनिश्चितता के इस दौर में लोग सोना और कैश पर अधिक भरोसा कर रहे हैं।

# ब्रेंट क्रूड की कीमतों में तेज गिरावट



से कच्चे तेल के प्रति संवेदनशील शेयरों में उछाल, जानें क्या बदला ब्रेंट क्रूड की कीमतों में नरमी के बाद बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड का शेयर 5.26 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 4.59 प्रतिशत तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का शेयर 3.89 प्रतिशत चढ़ा। आइए जानते हैं, पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति के बीच भारतीय शेयर बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों से जुड़े शेयरों कैसी हलचल है।मध्य पूर्व संघर्ष में संभावित कमी की उम्मीद के बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेज सुधार के बाद कच्चे तेल के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों - तेल विपणन कंपनियों, विमानन, पेंट्स और एडहेसिव्स- के शेयरों में मंगलवार सुबह के कारोबार के दौरान खरीदारी दिखी। बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 5.26 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 4.59 प्रतिशत तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का शेयर 3.89 प्रतिशत चढ़ा।स्पाइसजेट के शेयरों में 5 प्रतिशत तथा इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 4.15 प्रतिशत की बढ़त हुई। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, "पश्चिम एशिया में नाटकीय घटनाक्रम,

# Trade: 9 जुलाई से पहले व्यापार




सौदे को अंतिम रूप देने की कोशिश में भारत-अमेरिका, टैरिफ की अब भी लटक रही तलवार भारत और अमेरिका 9 जुलाई से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका की ओर से लगाए गए 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ में छूट खत्म होने से पहले दोनों देश बातचीत में जुटे हैं। व्यापार सौदे में कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्र चुनौतीपूर्ण हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है और दोनों देश इस समझौते को 9 जुलाई से पहले अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी गई। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त कर (टैरिफ) लगाने का एलान किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल टैक्स अभी भी लागू है। भारत चाहता है कि उसे इस 26 फीसदी अतिरिक्त कर से पूरी तरह छूट मिल जाए। जब पूछा गया कि क्या भारत और अमेरिका 9 जुलाई तक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना चाहते हैं, तो सूत्रों ने कहा, हम बहुत उत्सुक हैं। हम बातचीत कर रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं। दोनों पक्ष कोशिश कर रहे हैं, लेकिन समझौता तभी होगा, जब दोनों पक्ष संतुष्ट हों। उन्होंने आगे कहा, हर व्यापार समझौते में कुछ क्षेत्र ऐसे होते हैं जिनमें समस्याएं होती हैं। एक सूत्र ने बताया, भारत के लिए कृषि और डेयरी क्षेत्र सबसे चुनौतीपूर्ण हैं। भारत ने अब तक अपने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका चाहता है

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















# अब इस प्रतियोगिता में भिड़ेंगे नीरज और अरशद

## भाला फेंक में ओलंपिक चैंपियन ने खुद किया खुलासा

नीरज दोहा में और फिर ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं, पेरिस और ओस्ट्रावा में पहला स्थान हासिल किया। हालांकि, इन चारों टूर्नामेंट पाकिस्तान के अरशद नदीम नहीं खेले थे। अब दोनों एक साथ इस टूर्नामेंट में खेलते दिख सकते हैं।भारत के महानतम एथलीट्स में शुमार और भाला फेंक में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा इन दिनों शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने के बाद पेरिस डायमंड लीग में जीत दर्ज की। साथ ही ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक इवेंट भी अपने नाम किया। हालांकि, पेरिस और ओस्ट्रावा में वह 90 मीटर की दूरी नहीं तय कर सके, लेकिन उनके आत्मविश्वास को जरूर बल मिला होगा। अब वह नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलते दिखेंगे। हालांकि, इस टूर्नामेंट में भी पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम हिस्सा नहीं लेंगे। अरशद और नीरज के बीच गजब की प्रतिद्वंद्विता है और फैंस इन दोनों के बीच टक्कर का जमकर लुत्फ उठाते हैं। अब नदीम ने खुलासा किया है कि वह अगली बार किसी प्रतियोगिता में खेलते दिख सकते हैं। नीरज दोहा में और फिर ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।

# IOC ने रोकी 2036 ओलंपिक के मेजबान चुनने की प्रक्रिया








लुसाने में अपनी पहली कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद आईओसी की नई अध्यक्ष कर्स्टी ने कहा, 'आईओसी सदस्यों से भविष्य के मेजबान चुनाव प्रक्रिया की समीक्षा करने और रोक लगाने के लिए भारी समर्थन मिला है और हम इस पर विचार करने के लिए एक कार्य समूह का गठन करेंगे।अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नई अध्यक्ष कर्स्टी ने गुरुवार को ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए जारी प्रक्रिया पर रोक लगा दी। इससे भारत की मेजबानी के लिए लगाई बोली पर फैसला आने में समय लग सकता है। कर्स्टी ने भावी मेजबान की पहचान के उचित समय का पता लगाने के लिए कार्य समूह (समिति) का गठन किया है।आईओसी की पहली महिला और पहली अफ्रीकी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व ओलंपिक चैंपियन तैराक कर्स्टी ने कहा कि सदस्यों के बीच प्रक्रिया का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए आम सहमति है। लुसाने में अपनी पहली कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद कर्स्टी ने कहा, 'आईओसी सदस्यों से भविष्य के मेजबान चुनाव प्रक्रिया की समीक्षा करने और रोक लगाने के लिए भारी समर्थन मिला है और हम इस पर विचार करने के लिए एक कार्य समूह का गठन करेंगे। (ऐसा) दो मुख्य कारणों से हुआ है। सबसे पहले, सदस्य इस प्रक्रिया में अधिक से अधिक शामिल होना चाहते हैं और दूसरा, इस बात पर काफी चर्चा हुई कि अगला मेजबान कब चुना जाना चाहिए।'भावी मेजबान का चुनाव करने का उचित समय कब है'

# PV Sindhu: इन दो चीजों पर काम कर रही हैं पीवी सिंधू



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं, जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं।भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि

महिला एकल बैडमिंटन में आक्रामक रैलियों की जगह अब कोर्ट पर ताकत की परीक्षा होने लगी हैं जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में बदलती लय के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने खेल में बदलाव कर रही हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं, जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं। सिंधू बस जनवरी में इंडिया ओपन में क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकीं है। सिंधू ने कहा, महिला एकल स्पर्धा पूरी तरह बदल गई है। शुरू में इसमें आक्रामकता और तेज रैलियां होती थीं लेकिन अब लंबी रैलियों से लंबे मैच के कारण खेल रक्षात्मक हो गया है।उन्होंने कहा, हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक सयंमित हो गए हैं। हमें खेल के बदलने के साथ हर बार बदलाव करने होते हैं। बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है लेकिन हर दफा ऐसा करना महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा, हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक सयंमित हो गए हैं। हमें खेल के बदलने के साथ हर बार बदलाव करने होते हैं। बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है लेकिन हर दफा ऐसा करना महत्वपूर्ण है।दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं, जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं।भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं,

# ईशा, विदरसा और पार्थ ने मचाया धमाल

## राष्ट्रीय चयन ट्रायल में दर्ज की जीत



तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता।ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम की पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह गुरुवार को ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल के तीसरे दिन तीन विजेताओं में शामिल रहीं। तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता।ईशा ने फाइनल में महाराष्ट्र की अभिदन्या अशोक पाटिल को हराया जिन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। तमिलनाडु की निवेदिता नायर तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी4 में दो बार के ओलंपियन और थ्री पी विशेषज्ञ ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 0.3 अंक से पार्थ से पीछे दूसरे स्थान पर रहे, जबकि उमामहेश तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पी टी4 फाइनल में विदरसा ने पूर्व विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता और दो बार की ओलंपियन अंजुम मौदगिल को 0.3 अंक से पछाड़ दिया। विश्व कप रजत पदक विजेता हरियाणा की निश्चल तीसरे स्थान पर रही।तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता।ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम की पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह गुरुवार को ग्रुप ए राइफल और पिस्टल

# World Police & Fire Games 2029



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसकी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'गुजरात के लिए गर्व का क्षण! भारत ने बर्मिंघम, यूएसए में डब्ल्यूपीएफजी फेडरेशन के समक्ष एक व्यापक बोली प्रस्तुति के बाद अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों (डब्ल्यूपीएफजी) की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। 23वें विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 2029 की मेजबानी भारत को मिल गई है। इसका आयजोन गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में होगा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसकी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'गुजरात के लिए गर्व का क्षण! भारत ने बर्मिंघम, यूएसए में डब्ल्यूपीएफजी फेडरेशन के समक्ष एक व्यापक बोली प्रस्तुति के बाद अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों (डब्ल्यूपीएफजी) की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। यह वैश्विक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाती है और अहमदाबाद को भारत की खेल राजधानी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।'की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। यह वैश्विक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाती है और अहमदाबाद को भारत की खेल राजधानी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।'गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसकी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा,